म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक पदों की भर्ती परीक्षा 2022–23
(प्रथम चरण)

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 25.05.2023 से 20.06.2023 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : 14 मार्च 2024

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

14/3 2024

14/03/2024

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक पदों की भर्ती परीक्षा 2022–23 (प्रथम चरण) का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत वन रक्षक एवं क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा 2022–23 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 25.05.2023 से 20.06.2023 तक म.प्र. के 13 शहरों (बालाघाट, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी, एवं उज्जैन) में किया गया था। इस परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. वन / जेल विभाग / वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए सीधी भर्ती के रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में कुल 7757 अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।
2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार / अध्ययन कर उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. परीक्षा संबंधी नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमों के प्रकाश में परिणाम जारी किया जा रहा है।
4. नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमानुसार परिणाम वन / जेल विभाग / वन विकास निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर विभाग द्वारा द्वितीय चरण की कार्यवाही की जायेगी।
5. नियमपुस्तिका में उल्लेखित आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर रिक्त पदों की संख्या के आधार पर वन विभाग / वन विकास निगम लिमिटेड हेतु 03 गुना एवं जेल विभाग हेतु 10 गुना अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार द्वितीय चरण के लिये आमत्रित किया जायेगा।
6. वन / जेल विभाग / वन विकास लिमिटेड के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण ई.एस.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित / उपलब्ध कराया जायेगा।
7. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित जानकारियों के आधार पर वन / जेल विभाग / वन विकास निगम लिमिटेड के नियमानुसार परीक्षा परिणाम द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिए तैयार किया गया है। वन / जेल विभाग / वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा समस्त पदों के लिए द्वितीय चरण की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।
8. ई.एस.बी. द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग स्तर से किया जायेगा।
9. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम, द्वितीय चरण हेतु पात्र आवेदकों की पी.डी.एफ. प्राप्त कर सकते हैं।
10. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल,
दिनांक : 14 मार्च 2024

14/3/2024

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

14/03/2024